कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

फोन नं. 0771–2263412, Email- highereducation.cg.gov.in, slqaccg@gmail.com

क्र/193/आउशि गु.प्र./2021 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक23/10/2021

प्रति,

क्षेत्रीय अपर संचालक,
उच्च शिक्षा रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा,
दुर्ग एवं बस्तर संभाग (छ.ग.)

विषय :– संभाग स्तरीय केन्द्रीकृत ऑनलाइन कक्षाओं के संबंध में

संदर्भ :– 1. कार्यालयीन पत्र कमांक 111/आउशि/गुप्र./2021 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 25.09.2021

2. कार्यालयीन पत्र कमांक 190/आउशि/गु.प्र./2021 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 22.10.2021

––––00––––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के अनुकम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देश के तारतम्य में छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समस्त महाविद्यालयों में कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति में कक्षाएँ प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं थी। स्नातक स्तर की कक्षाओं का पाठ्यक्रम निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराने समानंतर रूप से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केन्द्रीकृत ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन बी.ए. बी.कॉम एव बी.एस.सी. में प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु संभाग स्तर पर 05 अक्टूबर 2021 से किया जा रहा है।

क्षेत्रीय अपर संचालकों से प्राप्त अभिमत अनुसार वर्तमान में शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति के साथ ही महाविद्यालयों में भी भौतिक रूप से कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जिसके कारण संभागीय ऑनलाइन कक्षाओं एवं महाविद्यालय की ऑफलाइन कक्षाओं की समय–सारणी में तारतम्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। फलस्वरूप ऑनलाइन कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति क्षीण है तथा महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को भी असुविधा हो रही है ।

अतः स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की अध्यापन व्यवस्था स्थानीय परिस्थिति के आधार पर संस्था स्तर से ही ऑफलाईन/ऑनलाइन दोनों माध्यम से की जाएगी। संभाग स्तरीय ऑनलाईन कक्षायें स्थगित की जाती है।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

23.10.2021

(डॉ.एच.पी.खैरवार)
अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्र./ 194 /आउशि गु.प्र./2021 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 23/10/2021

प्रतिलिपी :-

1. विशेष सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर ।
2. अपर संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, रूसा शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर रायपुर (छ.ग.)।
3. प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर/शासकीय जे.यो. छत्तीसगढ़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर/शासकीय दू.ब. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)।
4. प्राचार्य, शासकीय व्ही.वाय.टी.स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग/शासकीय वा.वा.पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
5. प्राचार्य, शासकीय ई.राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर/शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर/शासकीय जे.पी.वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)।
6. प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर/शासकीय राजमोहनी देवी कन्या महाविद्यालय अंबिकापुर (छ.ग.)।

23.10.2021

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)